

रोहित शर्मा ने कहा कि, राहुल द्रविड़ इस खेल के एक महान खिलाड़ी हैं, लेकिन आपसे अपनी सारी उपलब्धियां और सम्मान को एक तरफ रखा और कोच बनकर हमारे पास आए। आपकी विनम्रता और इतने समय के बाद भी इस खेल के लिए प्यार आपकी देन है। - रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान, कोच राहुल द्रविड़ की प्रशंसा की।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## जेम्स एंडरसन



इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बुधवार को अपने टेस्ट करियर का आखिरी मैच खेलने उतरेंगे। साल 2002 में इंग्लैंड के लिए डेब्यू करने वाले जेम्स एंडरसन देश के सबसे कामयाब गेंदबाज हैं। अपने आखिरी टेस्ट मैच में उनके पास दुनिया का सबसे कामयाब तेज गेंदबाज बनने का मौका है। इसके लिए उन्हें 13 विकेट की जरुरत है। लॉर्डस में 10 जुलाई से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा और ये एंडरसन के करियर का आखिरी टेस्ट मैच होगा। जेम्स एंडरसन ने अब तक 187 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उनके नाम 700 विकेट हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फीफा के इतालवी उपाध्यक्ष डॉ. ओटारियानो बैरासी ने विश्वकप ट्रॉफी को अपने पलंग के नीचे एक जूते के डिब्बे में छुपाए रखा।

# गौतम गंभीर बने टीम इंडिया के हेड कोच, द्रविड़ की जगह लेंगे

### 2027 तक रहेगा कार्यकाल, केकेआर को इसी साल आईपीएल जिताया



मुम्बई, 9 जुलाई। पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को क्रिकेट के तीनों प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 मैचों के लिए मंगलवार को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक की क्रिकेट सलाहकार समिति की सिफारिश पर आज भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने गौतम गंभीर के नाम का एलान करते हुए कहा कि मुझे भारतीय टीम के मुख्य कोच के तौर गंभीर के नाम का एलान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। गौतम गंभीर का कार्यकाल 2027 तक रहेगा। वह इस समय टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। इसी साल गौतम गंभीर की अगुवाई में केकेआर ने आईपीएल का खिताब जीता था। आधुनिक क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में कठिनाइयों को सहने और विभिन्न भूमिकाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद, मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा गंभीर तीनों प्रारूप में टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 मैचों में भारतीय के कोच होंगे और उनका कार्यकाल 3.5 वर्ष का होगा।

वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। गंभीर 27 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ शुरु होने वाली श्रृंखला से अपना कार्यभार संभालेंगे। जय शाह ने सोलश मीडिया मंच एक्स पर लिखा, टीम के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण, उनके विशाल अनुभव के साथ मिलकर, उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को निभाने के लिए पूरी तरह से सक्षम बनाता है।



# भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से रौंदा

### पहले मैच की हार का लिया बदला

### पूजा वस्त्राकर और राधा यादव के आगे बेबस दिखी दक्षिण अफ्रीका की टीम

चेन्नई, 9 जुलाई। पूजा वस्त्रकर (चार विकेट),राधा यादव(तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना नाबाद (54) और शेफाली वर्मा नाबाद (27) रनों की शानदार पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम को रिकार्ड 10 विकेट से हरा दिया है।

भारत की स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने एकतरफा अंदाज में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 10.5 ओवर में 88 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। स्मृति मंधाना ने 40 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (54) और शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए नाबाद (27) रनों की शानदार पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 बराबरी पर रहीं। दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 12 रन से जीत दर्ज की थी। इससे पहले भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम पूजा वस्त्रकर और राधा यादव की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस दिखी और पूरी टीम 17.1 ओवर में 84 रन पर सिमट गई।

तेजमिन ब्रिट्स ने दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए सर्वाधिक 20 रनों की पारी खेली। अन्नेका बोश (17) और मैरिजान कैप (10) रन बनाकर आउट हुई। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। भारत की ओर से पूजा वस्त्रकार ने 3.1 ओवर में 13 रन देकर चार विकेट लिये। वहीं राधा यादव ने तीन ओवर में छह रन देकर तीन विकेट चटकाये। अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## कुशाग्र सिंह करेंगे विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व

जयपुर, 9 जुलाई। जयपुर में सुमेर नगर के रहने वाले 16 वर्षीय कुशाग्र सिंह राजावत पुत्र प्रताप सिंह राजावत को राइफल शूटिंग में आगामी विश्व कप चैंपियनशिप में देश का



प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। यह आयोजन 29 अगस्त से 8 सितंबर ,2024 तक जर्मनी के हनोवर में आयोजित किया जाएगा। राइफल शूटिंग में कुशाग्र की लगन,कड़ी मेहनत और असाधारण प्रतिभा ने उन्हें यह सम्मान दिलाया है। जिसमें इस हीरे को तरास ने का कार्य प्रसिद्ध कोच कुलदीप शर्मा एवं हर्षवर्धन सिंह ने किया है। जिससे वे इस तरह के भव्य मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के एथलीटों में से एक बन गये है।

## बुमराह, मंधाना प्लेयर ऑफ दी मंथ चुने गये

नई दिल्ली, 9 जुलाई। टी20 विश्व कप में भारत के विजयी अभियान के नायक रहे जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना। भारत के लिए यह दोहरी खुशी का मौका था क्योंकि महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को इस वैश्विक संस्था ने 'जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी' चुना।

मंधाना को यह पुरस्कार पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में बल्ले सब दमदार प्रदर्शन करने पर दिया गया।



बुमराह ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को पछाड़कर यह खिताब जीता जबकि मंधाना ने इंग्लैंड की माइया बाउचर और श्रीलंका की विस्मी गुणारत्ने को पीछे छोड़कर महिलाओं का पुरस्कार जीता। आईसीसी ने यहां जारी बयान में कहा कि पिछले महीने टी-20 विश्व कप में 15 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये बुमराह ने जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता है। आईसीसी के बयान में बुमराह ने कहा, ''मुझे जून के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर खुशी हो रही है।'' उन्होंने कहा, '' अमेरिका और वेस्टइंडीज में कुछ यादगार सप्ताह बिताने के बाद मेरे लिये यह विशेष सम्मान है। एक टीम के तौर पर हमें जश्न मनाने के काफी मौके मिले और इस में योगदान देकर मुझे अच्छा लगा। बुमराह ने टी20 विश्व कप में 8.26 की औसत से विकेट चटकाये।

# विंबलडन 2024 : नोवाक जोकोविच ने होल्गर रुण पर जीत दर्ज की

### जीत के बाद दर्शकों की हूटिंग का किया सामना

नई दिल्ली, 9 जुलाई। नोवाक जोकोविच विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। इस दौरान उन्होंने सोमवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में होल्गर रुने को 6-3. 6-4, 6-2 से हराया। अब बुधवार को क्वार्टर फाइनल में उनका सामना एलेक्स डी मिनौर से होगा।

जोकोविच मैच में फैंस की हूटिंग से नाराज दिखे और कहा कि इस तरह के व्यवहार को वह स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल, मैच के दौरान फैंस रुने के समर्थन में रूऊऊऊ चिल्ला रहे थे, जो हूटिंग की तरह लग रहा था। रुने 2022 में पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जोकोविच को हरा कर अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था।



**हूटिंग को लेकर जोकोविच की नाराजगी :-** मैच के बाद जोकोविच ने अपनी जीत पर बात की और कहा कि जिन लोगों ने उनको सम्मान दिया और टिकट लेकर मैच देखने आए और देर रात तक बैठकर टेनिस के प्रति अपने प्यार को दिखाया, उनको दिल से शुक्रिया। साथ ही उन्होंने हूटिंग कर रहे लोगों की आलोचना की और कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। जोकोविच ने कहा कि, मुझे नहीं पता कि वे रुने के समर्थन में नारे लगा रहे थे पर ये भी हूटिंग का एक बहाना है। मैं इसे स्वीकार नहीं करता हूं।

जोकोविच ने आगे कहा कि, मैं 20 साल से टेनिस खेल रहा हूं। मुझे पता है कि किस तरह से किसी का अपमान किया जाता है। मैं इससे ज्यादा विपरीत परिस्थितियों में भी खेल चुका हूं। मैं इन सब चीजों से परेशान नहीं होता। मैं उन लोगों पर फोकस करता हूं जो मेरा सम्मान करते हैं। मैं टेनिस से प्यार करने वालों को दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। वहीं रुने ने कहा कि मुझे फैंस के इस व्यवहार से कोई समस्या नहीं दिख रही है। वे लोग मेरा नाम ले रहे थे। जो बू जैसा लग रहा था। मुझे नहीं लगता है कि इससे मैच परिणाम पर कोई फर्क पड़ा। फिलहाल, जोकोविच का 60वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल होगा। वह 15वीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में खेलेंगे। पिछली बार उन्हें फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

## सुमित नागल जर्मनी में एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचे

ब्रांश्विग, 9 जुलाई। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां ब्रांश्विग एटीपी चैलेंजर में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी आल्वेस के खिलाफ आसान जीत के साथ पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके दूसरे वरीय नागल ने आल्वेस को क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के पहले दौर में 6-1 6-4 से हराया। दुनिया के 73वें नंबर के खिलाड़ी नागल बुधवार को प्री क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना के पेड्रो केचिन से भिड़ेंगे। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है। इसी महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की टेनिस स्पर्धाएं रोलां गैरो स्टेडियम में होंगी। पिछले हफ्ते नागल विंबलडन के पहले दौर में सर्बिया के अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी मियोमिर केसमानोविच के खिलाफ हार गए थे। नागल का मौजूदा सत्र शानदार रहा है।


**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर
क्रमांक :– जसअ/2024–25/48 दिनांक: 08.07.2024
**ई–निविदा सूचना क्रमांक :– 17/2024–25**
Operation & Maintenance of Super Sucker Machine and 2 dump trucks हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2425SLOB00218 पर देखी जा सकती है।
उपायुक्त (गैराज)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/24/1946



**राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर**
कार्यालय विश्वविद्यालय अभियन्ता
**निविदा सूचना संख्या 06/2024-25**
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में विभिन्न कार्यो के लिये राजकीय/अर्द्ध-राजकीय विभागों के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से विभिन्न कार्यों की कुल संख्या 07 हेतु कुल राशि रुपये 27.82 लाख की सील बन्द निविदाऐ आमंत्रित की जाती है । कार्य की अनुमानित लागत, निविदा देने एवं प्राप्त करने की दिनांक, समय एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है, जिनका यूबीएन नम्बर: URA2425WSOB00043 to 49, NIB: URA202425A0018 है ।
विश्वविद्यालय अभियन्ता



## डीएमपीएल सीजन-3 के गायन राउंड व ऑडीशन सम्पन्न

जयपुर, 9 जुलाई। इस वर्ष एसबीआई डॉक्टर्स म्यूजिकल प्रीमियर लीग (डी.एम.पी.एल.) का तीसरा संस्करण 26 से 28 जुलाई को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जा रहा है । डी.एम.पी.एल. के ऑर्गनाइजिंग चैयरमेन डॉ संजीव गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष एकल व युगल गायन को नए आकर्षण के तहत इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनाया गया है जिसका प्रथम राउंड रविवार दिनांक 7 जुलाई को जे.एम.ए. हॉल में सम्पन्न हुआ। आयोजन सचिव डॉ अनिल यादव ने बताया कि ख्याति प्राप्त संगीतज्ञ प्रोफेसर डॉ प्रेम दवे की अगुवाई में डॉ उमा, डॉ सुनीता व डॉ वंदना की ज्यूरी ने प्रतियोगियों का चयन किया। लीग के चीफ कॉर्डिनेटर डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ मनीष शर्मा, डॉ अतुल पुरोहित, डॉ ख़य्याम मोइन, डॉ महेश कडेल, डॉ किशोर मूलराजानी व डॉ अमित माथुर। 40-55 वर्ष आयु वर्ग में डॉ प्रियंका, डॉ महेश बागड़ी, डॉ राकेश शर्मा, डॉ भूपेंद्र सोनगरा व डॉ रूपेंद्र चौहान तथा 40 वर्ष से कम आयु वर्ग में डॉ भरत, डॉ विदिशा, डॉ अंजलि, डॉ सौम्या, डॉ शिवि व डॉ सिमी फाइनल राउंड के लिए चयनित हुए। मंच संचालन चीफ कॉर्डिनेटर डॉ रविन्द्र सिसोदिया व डॉ राकेश शर्मा ने किया। डॉ सिसोदिया ने बताया कि इस लीग के ब्रांड एम्बेसडर बॉलीवुड सिंगर रवींद्र उपाध्याय है व लीग का मुख्य प्रायोजक एसबीआई बैंक है ।

# संन्यास के बाद वार्नर ने चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने की इच्छा जताई

सिडनी, 9 जुलाई। डेविड वॉर्नर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को 'खत्म हुआ अध्याय' करार दिया लेकिन कहा कि अगर चैम्पियंस ट्रॉफी की टीम में उन्हें जगह मिलती है तो वह देश के लिए फिर से खेलने के लिए तैयार होंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में फरवरी-मार्च के महीने में होने की संभावना है और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वॉर्नर उनके 'आपातकालीन विकल्प' होंगे।

वॉर्नर ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप जीतने के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था,



जबकि उनका आखिरी टेस्ट जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 24 जून को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ खेला था।

वॉर्नर ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, ''अध्याय खत्म। इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। ऑस्ट्रेलिया मेरी टीम रही है। मेरे करियर का अधिकांश हिस्सा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बिता है।

ऐसा करने में सक्षम होना सम्मान की बात है। सभी प्रारूपों में देश के लिए 100 से अधिक मैच खेलना मेरे करियर का मुख्य आकर्षण है।'' उन्होंने कहा, ''मैं कुछ समय तक फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा और अगर राष्ट्रीय टीम में चयन हुआ तो मैं चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए भी तैयार हूं।'' यह पहली बार नहीं है जब वॉर्नर ने 50 ओवर के प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने की इच्छा जताई है।

## विराट कोहली के बेंगलुरु रेस्त्रां के खिलाफ हुई एफआईआर

बेंगलुरु, 9 जुलाई। स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के रेस्त्रां के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की है। दरअसल, बेंगलुरु स्थिति वन8 कम्यूनी के खिलाफ कर्नाटक पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इस दौरान पुलिस ने कई और रेस्त्रां पर शिकंजा कसा है। पुलिस का कहना है कि देर रात समय सीमा के उल्लंघन के चलते ये ऐक्शन लिया गया है। बेंगलुरु के एमजी रोड स्थित कोहली के पब के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की है। डीसीपी सेंट्रल का कहना है कि, हमने देर रात 1 बजकर 30 मिनट तक संचालित होने वाले पब के खिलाफ कार्रवाई की है। हमें तेज म्यूजिक बजाए जाने की शिकायत मिली थी।

## सिराज को नौकरी व घर देने की घोषणा

हैदराबाद, 9 जुलाई। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में देश और राज्य को बड़ा सम्मान दिलाने वाले हरफनमौला क्रिकेटर मोहम्मद सिराज को सरकारी नौकरी और घर के लिए जगह देने की घोषणा की है। टी-20 विश्वकप जीतकर लौटी भारतीय टीम का हिस्सा रहे सिराज का हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। सिराज में मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टी-20 में बेहतरी प्रदर्शन के लिए सिराज की प्रशंसा की और सम्मानित किया।


**जयपुर मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड**
चतुर्थ तल, एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगुपथ, मानसरोवर, जयपुर-302020
दूरभाष: 0141.2822101, मेल: dos@jaipurmetrorail.in, CIN: U60221RJ2010SGC030630
**निविदा सूचना** दिनांक : 04.07.2024
JMRC द्वारा इच्छुक ठेकेदारों से खुली निविदाएं आमंत्रित की जा रही है।
1. सं. JMRC/O&S/OP/CFS/2024-25/NIB/01 "जेएमआरसी के मानसरोवर से राम नगर तक व अन्य नामित जगह पर ग्राहक सेवा सुविधाएं प्रदान करने वाली एजेंसी का चयन करने की निविदा।". अनुमानित लागत ₹ 4.84 करोड़। निविदा प्रस्तुत और खुलने की अन्तिम तिथि 31.07.2024 है। (UBN: JMR2425SLOB00042)
2. सं. JMRC/O&S/OP/CFS/2024-25/NIB/02 "जेएमआरसी के सिविल लाइन्स से बड़ी चौपड़ तक व अन्य नामित जगह पर ग्राहक सेवा सुविधाएं प्रदान करने वाली एजेंसी का चयन करने की निविदा।". अनुमानित लागत ₹ 4.90 करोड़। निविदा प्रस्तुत और खुलने की अन्तिम तिथि 31.07.2024 है। (UBN: JMR2425SLOB00041)
निविदा के विवरण एवं आगामी स्पष्टीकरण/शुद्धिपत्र हेतु https://transport.rajasthan.gov.in/jmrc, https://sppp.rajasthan.gov.in या https://eproc.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।
निदेशक (परिचालन एवं प्रणाली)
राज.संवाद/सी/24/1990
प्रदूषण रहित, सस्ता, सुरक्षित एवं आरामदायक सफर - जयपुर मेट्रो


# रवि बने यूथ टीम के कप्तान व जूनियर टीम की कमान जसप्रीत को दी

### आईएचएफ हैंडबॉल ट्रॉफी यूथ व जूनियर आज से जयपुर में एसएमएस स्टेडियम में 10 से 14 जुलाई तक होगा टूर्नामेंट



जयपुर, 9 जुलाई। गुलाबी नगरी में कई अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सफल आयोजन के बाद अब पुरुषों की आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में 10 से 14 जुलाई तक किया जायेगा। टूर्नामेंट में भारत सहित चार देशो के बीच चैम्पियन बनने की होड़ मचेगी। मंगलवार को भारतीय यूथ व जूनियर टीम की घोषणा कर दी गई। इसमें यूथ टीम की कप्तानी रवि को तथा जूनियर टीम की कमान राजस्थान के जसप्रीत को दी गई है। भारतीय यूथ टीम में राजस्थान के कृतवर्य प्रताप सिंह व महेंद्र पाल सिंह है जबकि जूनियर टीम में जसप्रीत, नयन शेखावत व विशाल है। भारतीय जूनियर टीम के कोच राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के हैंडबॉल प्रियदीप सिंह खंगारोत होंगे, जबकि हेड ऑफ़ डेलीगेशन राज्य हैंडबॉल के मानद सचिव यश प्रताप सिंह को बनाया गया है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पांडे तथा कुवैत व कतर से अंतरराष्ट्रीय रेफ़रीज़ भी जयपुर पहुँच गये है। हैंडबॉल एसोसिएशन, इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह ने बताया कि आईएचएफ ट्रॉफी डेडबॉल चैम्पियनशिप में अंडर-18 यूथ और अंडर-20 जूनियर वर्ग में एशिया के जोन द्वितीय चरण के मुकाबले होंगे। भारत के अलावा चैम्पियनशिप में नेपाल, बाग्लादेश और मालदीव की टीमे भाग ले रही है। अंडर-18 यूथ का फाइनल मैच 14 जुलाई को सांय 4 बजे होगा जबकि अंडर-20 जूनियर वर्ग का खिताबी मुकाबला रविवार को 6 बजे इंडोर स्टेडियम में खेला जायेगा। डा. तेजराज सिंह ने बताया कि चैम्पियनशिप में कुल 16 मैच खेले जायेगे। दोनों आयु वर्गों में 6-6 लीग मैच होंगे, इसके अलावा दो मैच तीसरे चौथे स्थान के तथा दो फाइनल खेले जायेंगे। उन्होंने बताया कि सभी टीमें मंगलवार को जयपुर पहुच गई है। तैयारिया पूरी कर ली गई है। इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच के लिए टैरा फ्लेक्स बिछा दिया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में टैरा फ्लेक्स पर ही मैच खेले जाते है।


**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा ब्लॉक-खण्डार**
Address: On the back side of the GSSS Khandar (SWM)
Email: cbeokdr@gmail.com Phone:07468-241058
क्रमांक-सीबीईओ/खण्डार/लेखा/2024-25/02 दिनांक-08.07.2024
**निविदा आमंत्रण**
ब्लॉक कार्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 में ब्लॉक स्तर पर होने वाली गतिविधियों के लिए पंजीकृत/अधिकृत फर्मो से निम्न विवरण के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत राशि | निविदा शुल्क | अमानत राशि | निविदा विक्रय तिथि | निविदा प्रस्तुत करने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोजन/अल्पाहार | 9.00 | 500/- | 18000/- | 10.07.24 से 27.07.24 प्रातः 11.00 बजे तक | 24.07.24 को मध्यान्ह 1.00 बजे तक | 24.07.24 को मध्यान्ह पश्चात 2.00 बजे |
| 2 | टेन्ट व्यवस्था | 3.00 | 500/- | 6000/- | | | |
| 3 | स्टेशनरी सामग्री | 2.00 | - | - | | | |

UBN NO. RSE2425SLOB00507
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा
समग्र शिक्षा, खण्डार (स.मा.)